

# अखंड भारत समाचार



पेज़ 05 मूल्य 4 रुपए सोमवार, 15 जून 2026 प्रकाशित – न्यू दिल्ली अंक:02

विज्ञापन दें













विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
8708565733

## DRDO का एक और करिश्मा, लंबी दूरी की स्वदेशी लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण, जानें इसकी अहमियत

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ( DRDO ) ने हर भारतीय को उस पर गर्व करने की एक और वजह दे दी है। संस्थान ने ओडिशा तट के पास स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की जमीनी आक्रमण क्रूज मिसाइल (एलआरएलएसीएम) का सफल परीक्षण कर लिया है। ओडिशा के चांदीपुर में स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में तैनात अलग-अलग ट्रैकिंग उपकरणों के जरिए इस टेस्ट का परीक्षण किया गया, जिसमें सभी उद्देश्य सिद्ध हुए। बता दें कि एलआरएलएसीएम स्वदेशी रूप से विकसित मिसाइल है, जिसके सभी उप-प्रणालियां डीआरडीओ की अलग-अलग प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योग भागीदारों ने विकसित की हैं। वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान बेंगलुरु इसकी नोडल प्रयोगशाला है। इस परीक्षण के दौरान डीआरडीओ के सीनियर अधिकारी और भारतीय नौसेना के साथ-साथ वायु सेना के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एलआरएलएसीएम के सफल परीक्षण पर डीआरडीओ टीम और उद्योग भागीदारों को बधाई दी। रक्षा सचिव एवं रक्षा विभाग (अनुसंधान एवं विकास) के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने प्रक्षेपण के दौरान सभी गतिविधियों की निगरानी की। उन्होंने सफल परीक्षण में शामिल सभी टीम सदस्यों को बधाई दी।



## नवाचार से समृद्धि, युवा शक्ति से आत्मनिर्भर भारत

नवाचार से समृद्धि, युवा शक्ति से आत्मनिर्भर भारत

भारत आज एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां युवा शक्ति देश के भविष्य को नई दिशा देने की क्षमता रखती है। आत्मनिर्भर भारत का सपना केवल सरकारों की योजनाओं से पूरा नहीं होगा, बल्कि यह तब साकार होगा जब देश का प्रत्येक युवा अपने ज्ञान, कौशल और नवाचार से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएगा।

आज का युवा केवल नौकरी पाने वाला नहीं, बल्कि अवसरों का निर्माण करने वाला बन सकता है। विज्ञान, तकनीक, कृषि, उद्योग, शिक्षा और उद्यमिता के क्षेत्र में भारतीय युवाओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय देकर पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया है। यही युवा शक्ति आने वाले समय में भारत को आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी रूप से और अधिक मजबूत बना सकती है।

आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल आर्थिक स्वतंत्रता नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है— अपने विचारों में आत्मविश्वास, अपनी संस्कृति पर गर्व, अपने कौशल पर विश्वास और अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण। जब युवा स्वदेशी उत्पादों को अपनाएंगे, नए विचारों पर काम करेंगे, रोजगार मांगने के बजाय रोजगार पैदा करेंगे और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझेंगे, तभी आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य पूरी तरह सफल होगा।

आचार्य चाणक्य ने कहा था कि किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति उसके जागरूक और कर्मठ नागरिक होते हैं। वहीं स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को राष्ट्र की आशा और भविष्य बताया था। आज आवश्यकता है कि भारत का युवा केवल अपने व्यक्तिगत विकास तक सीमित न रहे, बल्कि राष्ट्रहित को भी अपने जीवन का उद्देश्य बनाए।

आइए, हम सब मिलकर संकल्प लें कि नवाचार को अपनाएंगे, कौशल विकसित करेंगे, आत्मनिर्भर बनेंगे और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

याद रखिए—

"युवा शक्ति केवल भविष्य नहीं बदलती, वह पूरे राष्ट्र का भाग्य बदलने की क्षमता रखती है।"

आइए, एक ऐसे भारत का निर्माण करें जो आत्मनिर्भर हो, समृद्ध हो, शक्तिशाली हो और विश्व के लिए प्रेरणा बने।

जय हिंद!

वंदे मातरम्!

— सुश्री सुषमा

संस्थापक एवं अध्यक्ष

अखंड भारत सेना



### अमेरिका और ईरान में शांति समझौते का एलान, होर्मुज़ स्ट्रेट समेत किन बातों पर बनी सहमति



फ़ारस की खाड़ी में जंग ख़त्म करने को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच समझौता हो गया है. बातचीत की मध्यस्थता कर रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ईरान के साथ समझौते पर पहुंचने की बात कही है. ईरान के उप विदेश मंत्री ने भी समझौते पर पहुंचने की पुष्टि की है. ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं ने एक संयुक्त बयान में कहा है कि वे अमेरिका, ईरान और क्षेत्रीय साझेदारों के साथ मिलकर 'इस मौक़े का सदुपयोग' करने के लिए काम करेंगे. ई4 समूह ने कहा, "हम इस कूटनीतिक सफलता के लिए अमेरिका, ईरानी सरकार और इसमें शामिल सभी पक्षों, जिनमें पाकिस्तान, क़तर और अन्य सभी मध्यस्थ शामिल हैं, को बधाई देते हैं." इस समझौते के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ ने एक्स पर लिखा, "लंबी बातचीत के बाद, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता हो गया है. दोनों पक्षों ने लेबनान सहित सभी मोर्चों पर सैन्य कार्रवाई को तुरंत और स्थायी रूप से रोकने की घोषणा की है

## ईरान-US डील का इजरायल ने किया कबाड़ा... दक्षिण लेबनान पर IDF के ताबड़तोड़ हमले



ईरान-अमेरिका डील को फाइनल हुए 24 घंटा भी नहीं गुजरा है कि इजरायल ने लेबनान पर फिर से हमला कर दिया है. ईरान की न्यूज एजेंसी IRIB ने लेबनान के अपने सूत्रों के हवाले से दक्षिणी लेबनान में इजरायली हवाई और आर्टिलरी हमलों की रिपोर्ट दी है. IRIB का दावा है कि इजरायल ने दक्षिणी लेबनान के जवतार, मरकबा और खियाम शहर पर हमला किया है. बताया जा रहा है कि इजरायल ने हवाई हमले और आर्टिलरी शेलिंग दोनों किए हैं. हालांकि इजरायल के ताजा हमलों में किसी के हताहत होने की तुरंत कोई जानकारी नहीं मिली है. सीजफायर बनाए रखने की डिप्लोमैटिक कोशिशों के बावजूद इज़रायल-लेबनान बॉर्डर पर ये हमले हुए हैं. लोकल अधिकारी और लेबनानी मीडिया हालात पर करीब से नजर रख रहे हैं.

इस बीच दक्षिणी लेबनान के अधिकारियों ने इजरायल और हिज़्बुल्लाह के बीच तीन महीने से चल रही लड़ाई से बेघर हुए लोगों को चेतावनी दी है कि वे जल्दबाज़ी में घर न लौटें. गौरतलब है कि ईरान और अमेरिका ने सोमवार को इस डील पर सहमति जताई है.

# पुष्पा जहांगीर खान का ऐसा हाल, पुलिस ने हाफ पैंट में रोड पर घुमाया; कान पकड़कर मांगी



पश्चिम बंगाल के फलता में मशहूर बाहुबली पुष्पा उर्फ जहांगीर खान को पुलिस ने फिर परेड कराई है। खबर है कि इस दौरान तृणमूल कांग्रेस के नेता को कमर पर रस्सी बांधकर फलता की सड़कों पर घुमाया गया और जनता से माफी भी मंगवाई। इससे पहले 11 जून को भी पुलिस ने पुष्पा की इसी तरह परेड कराई थी। खास बात है कि खान को लेकर TMC में भी खासा विवाद हुआ था कि उपचुनाव से नाम वापस लेने के बाद भी उन्हें पार्टी से क्यों नहीं निकाला गया था। 2021 चुनाव के बाद हुई हिंसा की जांच के तहत जहांगीर को 11 जून को फलता के इलाकों में लेकर गई थी। तब अधिकारी ने बताया था कि जांच के सिलसिले में दोपहर के समय पुलिसकर्मियों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के जवानों की सुरक्षा में खान को जिले के सहारारहाट और आस-पास के इलाकों में ले जाया गया। 8 जून को बंगाल पुलिस के STF यानी स्पेशल टास्क फोर्स ने जहांगीर को नेपाल बॉर्डर से पकड़ा था। कहा जा रहा था कि वह देश छोड़ने की फिराक में था और रिजल्ट के बाद से ही फरार था। आरोप थे कि उसने चुनाव से पहले बूथ लेवल अधिकारियों पर दबाव डालकर मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराए थे। बंगाल विधानसभा में जहांगीर खान का नाम भी बड़े मुद्दे के तौर पर सामने आया था। उस पर इलाके में भय और दबाव का माहौल बनाने के आरोप लगे थे। बढ़ती शिकायतों के बीच चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व अधिकारी और एनकाउंटर विशेषज्ञ अजय पाल शर्मा को विशेष पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किया था। शर्मा ने इलाके के दौरे के दौरान सार्वजनिक रूप से जहांगीर खान को चुनाव प्रक्रिया में दखल नहीं देने की चेतावनी दी थी।

## सुपर ओवर में हार के बाद वैभव सूर्यवंशी की श्रीलंकाई खिलाड़ियों से भिड़ंत, हाथापाई की आई नौबत



वैभव सूर्यवंशी सुपर ओवर में मैच फिनिश नहीं कर पाए, जिसके बाद मैदान पर बवाल देखने को मिला. वैभव की श्रीलंकाई खिलाड़ियों से भिड़ंत हो गई. सूर्यांश शेडगे ने वैभव को शांत कराने की कोशिश की. इंडिया-ए को ट्राई सीरीज में श्रीलंका-ए के हाथों सुपर ओवर में हार का सामना करना पड़ा. सोमवार (15 जून) को दांबुला के दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में हुए मुकाबले में श्रीलंका-ए ने सुपर ओवर में 16 रन बनाए थे. जवाब में इंडिया-ए 10 रन ही बना सका. इंडिया-ए की ओर से सुपर ओवर में सूर्यांश शेडगे और वैभव सूर्यवंशी बैटिंग करने उतरे थे, लेकिन दोनों मैच फिनिश नहीं कर पाए. श्रीलंका-ए की इंडिया-ए पर जीत के बाद मैदान पर बखेड़ा हो गया. श्रीलंका के खिलाड़ी जश्न मनाने लगे और यहीं से सब कुछ गड़बड़ होने लगा. वैभव सूर्यवंशी किसी बात से नाराज हो गए और उनका एक श्रीलंकाई फील्डर से झगड़ा हो जाता है. शेडगे अपने साथी 'बेबी बॉस' को वापस खींच लाते हैं, लेकिन 15 साल के वैभव मैदान छोड़ने के मूड में नहीं लगे. दोनों टीमें गर्मजोशी से हाथ मिलाती हैं और यहीं मैच खत्म हो जाता है. बता दें कि कुगाथास मथुलन ने श्रीलंका की ओर से सुपर ओवर में गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभाली थी. सुपर ओवर में पहली गेंद पर सूर्यांश शेडगे ने दो रन लिए. जबकि दूसरी बॉल डॉट रही. इसके बाद तीसरी गेंद पर एक रन बना. अब स्ट्राइक पर वैभव सूर्यवंशी थे.

## दीप्ति शर्मा और स्मृति मंधाना के कमाल ने कैसे पाकिस्तान की उम्मीदों पर पानी फेरा




भारत और पाकिस्तान के बीच इंग्लैंड के एजबेस्टन में खेले गए आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप मुक़ाबले के दौरान स्टेडियम नीले रंग से पटा हुआ था.

भारतीय टीम ने भी अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया और पाकिस्तान पर अपने दबदबे को बनाए रखकर 64 रन से जीत हासिल कर अपना अभियान शुरू किया है. भारत ने एशिया से बाहर पाकिस्तान पर हमेशा जीत पाने के रिकॉर्ड को बनाए रखा है. भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाली दीप्ति शर्मा और स्मृति मंधाना रहीं. मंधाना ने टीम के मुश्किल में पड़ने पर अपनी अर्धशतकीय पारी से स्थिति संभाली. वहीं दीप्ति ने पाकिस्तान की तेज़ शुरुआत पर अंकुश ही नहीं लगाया, बल्कि पांच विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच बनीं. दीप्ति शर्मा ने अपनी बेहतरीन गेंदबाज़ी से भारत को जीत दिलाना अपनी आदत बना ली है. उन्होंने आईसीसी वनडे विश्व कप में भारत को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी. दीप्ति ने अब इस टी-20 विश्व कप के पहले मैच में 10 रनों देकर पांच विकेट लिए और पाकिस्तान को 171 रनों के लक्ष्य तक पहुंचने का सपना तक नहीं देखने दिया

## Sanchita Ugale Death: 'कुमकुम भाग्य' फेम एक्ट्रेस संचिता उगले ने फांसी लगाकर किया सुसाइड, विक्की कौशल की 'छावा' में किया था काम




Kumkum Bhagya Actor Sanchita Ugale Death: टीवी एक्ट्रेस सुचिता उगले ने फांसी लगाकर सुसाइड कर ली है. इस घटना ने टीवी इंडस्ट्री को शॉक्ड कर दिया है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है. टीवी इंडस्ट्री से काफी शॉकिंग खबर आ रही है. दरअसल एक्ट्रेस संचिता उगले ने सुसाइड कर ली है. वे 30 साल की थीं. संचिता मुंबई से सटे नालासोपारा इलाके में स्थित अचोले पुलिस स्टेशन कि ज्यूरिडिक्शन में रहती थीं. घटना कल शाम 6:30 बजे से लेकर 7:30 बजे के बीच की बताई जा रही है. वहीं एक्ट्रेस संचिता उगाले के अचानक निधन की दुखद खबर से टीवी इंडस्ट्री सदमे में है पुलिस ने बताया की अभिनेत्री अपनी माता पिता और बहन के साथ नालासोपारा इलाके में रहती थी. जिस समय यह घटना हुई उस समय घर पर यह अकेली थी. पुलिस ने ये भी बताया कि संचिता ने साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या की है.पुलिस ने आगे बताया कि महिला के पास से किसी भी तरह का नोट नही मिला है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.


AKHAND BHARAT SENA
ABS
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER
OF COMMERCE AND INDUSTRY
अखंड भारत सेना
नवाचार से समृद्धि,
युवा शक्ति से आत्मनिर्भर भारत
नया भारत, नई सोच, नया संकल्प
आज का युवा केवल सपने देखने वाला नहीं,
बल्कि सपनों को साकार करने वाला है।
नवाचार, कौशल और उद्यमिता के माध्यम से
हम भारत को आत्मनिर्भर ही नहीं,
विश्वगुरु भी बना सकते हैं।
नवाचार अपनाएं
कौशल विकसित करें
उद्यमिता को बढ़ावा दें
राष्ट्र निर्माण में योगदान दें
विकसित भारत 2047 का निर्माण करें
"युवा जागेगा, भारत आगे बढ़ेगा"
अखंड भारत सेना
सुश्री सुषमा
संस्थापक एवं अध्यक्ष
अखंड भारत सेना


HEALING ENERGY
WITH Sushma
अपनी सारी
परेशानियों को खत्म करें
मात्र व्हाट्सएप पर DOB डालने से
Heal
Balance
Transform
WHATSAPP NOW
8287523965
Heal Within



## दिल्ली से ऋषिकेश तक जल्द दौड़ेगी नमो भारत... कितना लगेगा समय, क्या होगा किराया? पूरी डिटेल

दिल्ली से मेरठ के बीच दौड़ रही हाई-स्पीड 'नमो भारत' ट्रेन का विस्तार अब जल्द ही देवभूमि उत्तराखंड के हरिद्वार और ऋषिकेश तक होने जा रहा है। इस रूट की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के सर्वे को लेकर आ रही देरी की खबरों के बीच उत्तराखंड सरकार की ओर से एक बड़ा और सकारात्मक अपडेट सामने आया है। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि सरकार इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए बेहद गंभीर है और जल्द ही डीपीआर के सर्वे के लिए स्वीकृति जारी करने जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के एमडी शुलभ गोयल द्वारा नौ जून को भेजे गए रिमाइंडर पत्र के बाद राज्य के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सकारात्मक रुख दिखाया है।











